भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित टी.एस.पी. परियोजना तहत कार्यक्रम का आयोजन

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा पोषित परियोजना के अंतर्गत जागरूकता सह –प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंडला जिले के बीजाडांडी ब्लॉक में किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान् फग्गन सिंह कुलस्ते माननीय केंद्रीय मंत्री ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री भारत सरकार रहे उन्होंने उद्घाटन अवसर पर किसानों से सीधे संवाद किया। मत्स्य पालन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की एवं कहा कि वैज्ञानिक विधि से मछली पालन करके कृषक अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए.पी. सिंह अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर परियोजना से संबंधित एक लघु फिल्म का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने पुस्तिका मत्स्य पालन एवं प्रबंधन का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. माधुरी शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की तथा मंच संचालन किया। इस अवसर पर मंडला जिले के गोपालपुर मगरधा, घुघरी ग्रामों के 50 मत्स्य पालकों को निःशुल्क मत्स्य बीज एवं आहार वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. एस.के. महाजन डॉ. माधुरी शर्मा डॉ. सोना दुबे डॉ. प्रीति मिश्रा एवं श्री शिव मोहन ने विभिन्न विषयों पर मत्स्य पालकों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्री संदीप या नामदेव मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव जनपद अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पट्टा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉ. एस.के. कारमोरे, डॉ. रुचि सिंह श्री शिव मोहन सिंह श्री सत्येंद्र कटारा डॉ. मनोज पाठक एवं स्नातकोत्तर छात्रों का रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर